GCMS NO:- 2025/133

फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत कलक्टर, **मुकाम** नागौर

प्रार्थी **बनाम** **अप्रार्थीगण**

उपखण्ड अधिकारी
मेड़ता

1.श्री हेमाराम
2..राज्य सरकार जरिऐ
तहसीलदार,मेड़ता

किस्म मुकदमा . मुन्तकिल प्रार्थना पत्र **संख्या** 19 **सन्** 2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तारीख में जारी हुए
30.07.2025	उपखण्ड अधिकारी,मेड़ता ने जरिऐ पत्र कमांक/कोर्ट/2025/967 दिनांक 16.07.2025 से यह निवेदन किया हैं कि प्रकरण संख्या 207/2024 बअनुवान हेमाराम बनाम राज्य सरकार पत्रावली न्यायालय हाजा में विचाराधीन हैं। प्रार्थी हेमाराम बेड़ा पुत्र अमराराम जाट निवासी–रेण ने दीनदयाल उपाध्याय अत्योंदय सम्बल पखवाड़ा 2025 कैम्प रेण में श्रीमान् के सामने उपस्थित होकर पीठासीन अधिकारी से निर्णय नहीं करने के संबंध में मौखिक एवं अन्य आरोप लगाते हुए शिकायत पेश की थी,ऐसी दशा में पीठासीन अधिकारी उक्त पत्रावली का निर्णय करना उचित नहीं समझते हैं। इसलिए निवेदन हैं कि उक्त पत्रावली को सुनवाई हेतु अन्य न्यायालय में स्थानान्तरित करने की कृपा करावें। राजपेरोकार श्री ओमप्रकाश उपस्थित हुवे जिनको सुना गया। पत्र का अवलोकन किया गया। अधीनस्थ न्यायालय के प्रकरण के वादी/प्रार्थी द्वारा अधीनस्थ न्यायालय के पीठासीन अधिकारी पर पत्रावली का निर्णय नहीं किये जाने के आरोप लगाये गये हैं तथा पीठासीन अधिकारी द्वारा भी प्रकरण में निर्णय नहीं किये जाने के वादी द्वारा आरोप लगाये जाने से प्रकरण को अन्य सक्षम न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का निवेदन किया हैं। इसलिए प्रकरण को न्यायहित में अन्य सक्षम न्यायालय में मुन्तकिल किया जाना उचित प्रतीत होता हैं। अतः न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,मेड़ता में विचाराधीन प्रकरण संख्या 207/2024 बअनुवान हेमाराम बनाम राज्य सरकार की पत्रावली आगामी सुनवाई हेतु न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,डेगाना में मुन्तकिल की जाती हैं। आदेश की प्रति पालनार्थ न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, मेड़ता एवं न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,डेगाना को भेजी जावें। पत्रावली दर्ज रजिस्टर होकर फैसल शुमार हो। (अरूण कुमार पुरोहित) **जिला कलक्टर,** **नागौर**	